9. विशेषण

विशेषण शब्द संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता प्रकट करते हैं।

विशेषण जिन शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेष्य कहते हैं।

शिक्षण-संकेत

- छात्रों से विशेषण के बारे में जानें।
- कुछ वाक्य बोलें और छात्रों को उनमें से विशेषण बताने को कहें।
- पाठ पृष्ठ 48 पर दिए उदाहरणों को पढ़वाएँ तथा विशेषण स्पष्ट करें।
- विशेष्य के बारे में समझाएँ। विशेषण और विशेष्य में अंतर करना सिखाएँ।
- पृष्ठ 49-51 पर दिए विशेषण के भेदों को छात्रों से पढ़वाएँ और समझाएँ।
- आस-पास की वस्तुओं द्वारा भी विशेषण समझाया जा सकता है।
- संख्यावाचक और परिमाणवाचक के भेदों को समझाएँ।
- सार्वनामिक विशेषण समझाते हुए बताएँ कि वे सर्वनाम जो संज्ञा से पहले लगकर उनकी विशेषता बताते हैं, सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं।
- प्रविशेषण के बारे में समझाएँ। बताएँ, जो शब्द विशेषण की विशेषता बताते हैं, प्रविशेषण कहलाते हैं।
- सुनिश्चित करें कि छात्र भली-भाँति समझ पा रहे हैं या नहीं।
- छात्रों को विशेषणों की रचना करना सिखाएँ-समझाएँ। बताएँ संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया तथा अव्यय शब्दों से विशेषणों की रचना की जाती है।
- कुछ शब्द बोलें और उनसे विशेषण बनवाएँ।
- प्रत्येक छात्र पर अपना ध्यान बनाए रखें। यदि उन्हें कहीं कठिनाई लगे तो यथासंभव और सरलाता से समझाएँ।